Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of an integrated check post at Kakrahwa to ensure connectivity between Lumbini,Kapilavastu and Siddharthnagar

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, भारत और नेपाल के साथ या अन्य पड़ोसी देशों के साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। इसी का नतीजा है कि इस वैश्विक परिस्थिति में हमें जी-20 की प्रेसिडेंसी मिली है। भारत अपने पड़ोसियों के साथ चाहे वह पारगमन का मामला हो या व्यापार का, उनके हितों के साथ हमेशा प्रतिबद्ध रहता है।

भारत-नेपाल की हमारी 1850 किलोमीटर की सीमा जुड़ती है। उस पार लुम्बिनी है और इस बार कपिलवस्तु है। पूरी दुनिया में गौतम बुद्ध से जुड़े हुए जो बुद्धिस्ट हैं, वे आते हैं। वे उस तरफ लुम्बिनी जाते हैं, उसके बाद वे गोरखपुर होकर कपिलवस्तु, जो गौतम बुद्ध का जन्म स्थान है, वहां आते हैं। वे श्रावस्ती, सारनाथ और कुशीनगर भी जाते हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि भारत सरकार 13 इन्टिग्रेटेड चेक पोस्ट बना रहा है। वह नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के साथ बना रहा है। विराट नगर और वीरगंज में बन चुका है।

माननीय सभापति: प्लीज आप अपनी बात कहिए।

श्री जगदम्बिका पाल: महोदय, उस तरफ लुम्बिनी है और इस तरफ कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर है, इनको जोड़ने के लिए मैं एक इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट ककरहवा में स्थापित करने की मांग करता हूं।